हिन्दुस्तान

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 259/2026

इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र तथा क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक) कार्यक्रम एवं परीक्षा के उपरांत परीक्षाफल जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा कराने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान, इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों के सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विषयों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा –2 विद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर संचालित होगी।

2. उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा की सैद्धान्तिक परीक्षाएँ **दिनांक 19.11.2026 से 28.11.2026 तक** एवं प्रायोगिक परीक्षाएँ **दिनांक 30.11.2026 से 02.12.2026** तक आयोजित होंगी, जिसका कार्यक्रम कंडिका–5 में उल्लिखित है। उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा के गोपनीय सामग्री **दिनांक 06.11.2026 से 13.11.2026 तक** की अवधि में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में भेजे जाएँगे, जिन्हें शिक्षण संस्थान के प्रधान **दिनांक 18.11.2026 तक** स्वयं अथवा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से वहाँ से प्राप्त कर लेंगे।

3. +2 विद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर आयोजित होने वाली उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में वही विद्यार्थी सम्मिलित होंगे, जिनकी उपस्थिति उनके शिक्षण संस्थान में न्यूनतम 75 प्रतिशत हो। उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। यदि उक्त कोटि के विद्यार्थी किसी विषय/विषयों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित नहीं होते हैं अर्थात अनुपस्थित रहते हैं अथवा परीक्षा में अनुत्तीर्ण (Fail) रहते हैं, तो वैसे विद्यार्थी को इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा तथा परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जाएगा। पूर्ववर्ती (Ex.) कम्पार्टमेन्टल (Compartmental) एवं समुन्नत (Improvement) कोटि के विद्यार्थी को उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित नहीं होना है।

4. उल्लेखनीय है कि गत वर्ष की भाँति उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा की व्यवस्था (प्रणाली) को पारदर्शी एवं उत्कृष्ट बनाने की आवश्यकता है, ताकि इन परीक्षाओं की गुणवत्ता उच्च कोटि की हो एवं इसमें उत्तीर्ण परीक्षार्थी वास्तविक रूप से समिति द्वारा आयोजित होने वाली इन्टरमीडिएट परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने के मापदण्ड पर अपनी अर्हता एवं योग्यता प्रमाणित कर सके। इस उद्देश्य से निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) के ज्ञापांक 09/बि0वि0प0स0–12/2020–557 दिनांक 18.09.2020 द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में निम्नांकित कार्रवाई की जानी है:–

i. उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा के लिए प्रश्न पत्रों का विषयवार निर्धारण समिति स्तर पर किया गया है तथा इसकी आपूर्ति समिति द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के माध्यम से सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालयों/महाविद्यालयों को निःशुल्क उपलब्ध होगा। इस पर होने वाला व्यय समिति द्वारा वहन किया जाएगा और इसके लिए विद्यार्थियों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

ii. समिति द्वारा आपूर्ति प्रश्न पत्र का प्रारूप उच्च माध्यमिक परीक्षा के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि परीक्षार्थी पूर्व से ही समिति द्वारा आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा के लिए अपने आप को तैयार कर सकें।

iii. उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा का आयोजन एवं मूल्यांकन पूर्व व्यवस्था के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर ही किया जाएगा।

5. **इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों के सैद्धान्तिक विषयों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् है:–**

Programme of Intermediate Sent-up Examination (Theory), 2026

(For Intermediate Annual Exam. 2027)

Date of Examination	Faculty	1st Sitting (9:30 AM to 12:45 PM) ("Cool off" time - 09:30 AM to 09:45 AM)		Faculty	2nd Sitting (02.00 PM to 5:15 PM) ("Cool off" time - 02:00 PM to 02:15 PM)	
19-11-2026 (Thursday)	I.Sc	117- Physics		I.A.	322- Political Science	
	I.A.	320- Philosophy		I.Com.	220- Accountancy	
	I.Com	218- Entrepreneurship		I.Sc	118- Chemistry	
	Voc.	402- Foundation Course		Voc.	Elective Subject Trade Paper – 1 (From Sub. Code 404 to 430)	
20-11-2026 (Friday)	I.Sc	121- Mathematics		I.A.	323- Geography	
	I.A.	327- Mathematics		I.Sc.	119- Biology	
	Voc.	Elective Subject Trade Paper – 2 (From Sub. Code 431 to 457)		I.Com.	217- Business Studies	
21-11-2026 (Saturday)	I.Sc	105- English 124- English	उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा **विषय समूह–1** के अन्तर्गत भाषा विषय अथवा अतिरिक्त विषय के रूप में चयन किया गया है।	I.Sc	107- Urdu, 108- Maithili, 109- Sanskrit, 110- Prakrit, 111- Magahi, 112- Bhojpuri, 113- Arabic, 114- Persian, 115- Pali, 116- Bangla	उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा **विषय समूह–2** के अन्तर्गत किसी एक भाषा विषय का चयन किया गया है।
	I.Com	205- English 223- English		I.Com	207- Urdu, 208- Maithili, 209- Sanskrit, 210- Prakrit, 211- Magahi, 212- Bhojpuri, 213- Arabic, 214- Persian, 215- Pali, 216- Bangla	
	I.A.	305- English 330- English		I.A.	307- Urdu, 308- Maithili, 309- Sanskrit, 310- Prakrit, 311- Magahi, 312- Bhojpuri, 313- Arabic, 314- Persian, 315- Pali, 316- Bangla	
	Voc.	403- English		Voc.	503- Urdu, 504- Maithili, 505- Sanskrit, 506- Prakrit, 507- Magahi, 508- Bhojpuri, 509- Arabic, 510- Persian, 511- Pali, 512- Bangla	
23-11-2026 (Monday)	I.Sc	106-Hindi 125-Hindi	उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा **विषय समूह–1** के अन्तर्गत भाषा विषय अथवा अतिरिक्त विषय के रूप में चयन किया गया है।	I.Sc	126- Urdu, 127- Maithili, 128- Sanskrit, 129- Prakrit, 130- Magahi, 131- Bhojpuri, 132- Arabic, 133- Persian, 134- Pali, 135- Bangla	उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा इस भाषा विषयों में से किसी एक विषय का चयन **अतिरिक्त विषय समूह** के अन्तर्गत किया गया है।
	I.Com	206-Hindi 224-Hindi		I.Com	225- Urdu, 226- Maithili, 227- Sanskrit, 228- Prakrit, 229- Magahi, 230- Bhojpuri, 231- Arabic, 232- Persian, 233- Pali, 234- Bangla	
	I.A.	306-Hindi 331-Hindi		I.A.	332- Urdu, 333- Maithili, 334- Sanskrit, 335- Prakrit, 336- Magahi, 337- Bhojpuri, 338- Arabic, 339- Persian, 340- Pali, 341- Bangla	
	Voc.	401-Hindi		I.Sc	122- Computer Science, 123- Multi Media & Web. Tech.	
				I.Com	221- Computer Science, 222- Multi Media & Web. Tech.	
				I.A.	317- Yoga & Phy. Edu., 328- Computer Science, 329- Multi Media & Web. Tech.	
				Voc.	485- Physics, 486- Chemistry, 487- Biology, 488- Mathematics, 489- Agriculture, 490- Business Studies, 491- Accountancy, 492- Entrepreneurship, 493- History, 494- Political Science, 495- Sociology, 496- Economics, 497- Psychology, 498- Home Science, 499- Geography, 500- Music, 501- Philosophy, 502- Yoga & Phy. Education	
25-11-2026 (Wednesday)	I.Sc	120- Agriculture		I.A.	324- Psychology	
	I.A.	326- Economics				
	I.Com.	219-Economics				
26-11-2026 (Thursday)	I.A.	325- Sociology		I.A.	318- Music	
27-11-2026 (Friday)	I.A.	321- History		I.A.	319- Home Science	
28-11-2026 (Saturday)	I.Sc	136-Security, 137-Beautician, 138-Tourism, 139- Retail Management, 140-Automobile, 141-Electronics & H/W, 142-Beauty & Wellness, 143- Telecom, 144- IT/ITes		XXX		
	I.Com	235-Security, 236-Beautician, 237-Tourism, 238- Retail Management, 239-Automobile, 240-Electronics & H/W, 241-Beauty & Wellness, 242- Telecom, 243- IT/ITes				
	I.A.	342-Security, 343-Beautician, 344-Tourism, 345- Retail Management, 346-Automobile, 347-Electronics & H/W, 348-Beauty & Wellness, 349- Telecom, 350- IT/ITes				

- **A "Cool off" time of additional 15 minutes has been given above to the examinee. He/She has to use the "Cool off" time for reading and analyzing the questions and to plan the answers accordingly. He/She is not supposed to write answer of any question during the "Cool off" time.**
- **Practical Examinations will be held in the +2 school/college level Dated 30-11-2026 to 02-12-2026**

6. दृष्टिबाधित एवं वैसे दिव्यांग परीक्षार्थी जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, को नियमानुसार श्रुतिलेखक (Scribe/Writer) रखने की अनुमति दी जाएगी। श्रुतिलेखक (Scribe/Writer) की सुविधा लेने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में 20 मिनट प्रति घंटा का क्षतिपूरक समय (Compensatory time) देय होगा।

7. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों को निदेश दिया जाता है कि अपने–अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान से सम्पर्क कर निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा देने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने +2 विद्यालय/महाविद्यालय में उपस्थित हों। सुनिश्चित करेंगे।

8. सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान से अनुरोध है कि संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थी, जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी, को उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाए। शिक्षण संस्थान के प्रधान उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने संस्थान से इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा आयोजित कर निम्नांकित पंजी में प्रांतांक प्रविष्ट कर परीक्षाफल का विवरण (Excel Format English Font में) सॉफ्ट कॉपी की सी0डी0तथा हार्ड कॉपी में (हस्ताक्षर एवं मुहरयुक्त) जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में **दिनांक 08.12.2026 तक** अनिवार्य रूप से जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के परीक्षार्थियों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2026 का प्रांतांक पंजी:–

+2 School/College code:- **+2 School/College Name:-**

Sl.No.	Registration	Student's Name / Mother's Name / Father's Name	M/F	Compulsory Language Subjects				Elective Subjects												Aggregate & Result	Additional Subject				Vocational Subject				Result
				Marks Obtained				Marks Obtained													Marks Obtained				Marks Obtained				
				Subject-1	Marks	Subject-2	Marks	Subject-1	Theory	Practical	Total	Subject-2	Theory	Practical	Total	Subject-3	Theory	Practical	Total		Add. Sub.	Theory	Practical	Total	Vocational Sub.	Theory	Practical	Total	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27	28	29	30

+2 विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रम के परीक्षार्थियों के उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2026 का प्रांतांक पंजी:–

+2 School Code :- **+2 School Name:-**

Sl.No.	Registration	Student's Name / Mother's Name / Father's Name	M/F	Compulsory Language Subjects				Elective Subjects											Aggregate & Result	Additional Subjects				Result
				Marks Obtained				Marks Obtained												Marks Obtained				
				Subject-1	Marks	Subject-2	Marks	Foundation Course	Marks	Paper	Theory	Practical	Total	Paper	Theory	Practical	Total			Add. Sub.	Theory	Practical	Total	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18		19	20	21	22	23	24

+2 विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

9. उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2026 में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण (Non Sent-up) विद्यार्थियों की सूची निम्नांकित प्रपत्र में (Excel Format English Font में) सॉफ्ट कॉपी की सी0डी0 तथा हार्ड कॉपी (हस्ताक्षर एवं मुहरयुक्त) जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में **दिनांक 08.12.2026 तक** जमा कराना सुनिश्चित करेंगे:–

इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2026 में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण (Non Sent-up) परीक्षार्थियों की सूची

+2 School/College Code:- **+2 School/College Name:-**

Sl.No.	Registration. No	Faculty	Student's Name	M/F	Mother's Name	Father's Name	Absent/ Fail
1	2	3	4	5	6	7	8

+2 विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

10. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि शिक्षण संस्थान के प्रधान अथवा उनके विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा **दिनांक 08.12.2026 तक** आपके कार्यालय में लाए गए उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2026 का परीक्षाफल अपने कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे एवं संस्थान को उक्त की प्राप्ति रसीद दे देंगे। वर्तमान सत्र 2025–2027 के लिए मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों का नामांकन OFSS के माध्यम से किया गया हो और किसी कारणवश शिक्षण संस्थान की मान्यता निलंबित/रद्द की गई हो तथा उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2026 के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी किसी निकट के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से निलम्बित/रद्द वाले महाविद्यालय/+2 विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2026 में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर॰ 260/2026

वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित तथा स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्राओं का उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक) कार्यक्रम एवं परीक्षा के उपरांत परीक्षाफल जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा माध्यमिक स्तर के मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्राचार्य वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित तथा स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0 शि0) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले पंजीकृत/अनुमति प्राप्त नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्राओं का सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विषयों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा विद्यालय के स्तर पर संचालित होगी।

2. निदेशानुसार उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा के अंतर्गत **सैद्धान्तिक परीक्षा दिनांक 23.11.2026 से 27.11.2026 तक** एवं **प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 28.11.2026** को आयोजित होगी, जिसका कार्यक्रम कंडिका–5 में अंकित है। उक्त परीक्षा के लिए गोपनीय सामग्री **दिनांक 06.11.2026 से 13.11.2026 तक** की अवधि में जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में भेजे जाएँगे, जहाँ से संबद्ध विद्यालयों के प्रधान स्वयं अथवा उनके द्वारा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि गोपनीय सामग्री को परीक्षा प्रारंभ की तिथि के पूर्व अर्थात् **दिनांक 22.11.2026 तक** अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लेंगे ताकि उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा ससमय प्रारंभ करने में कोई बाधा उत्पन्न न हों।

3. विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में नियमित रूप से अध्ययनरत् एवं स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्राओं का शामिल होना अनिवार्य है। उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में वही छात्र/छात्रा सम्मिलित होंगे, जिनकी उपस्थिति उनके विद्यालय में न्यूनतम 75 प्रतिशत हो। उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को ही वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा। यदि उक्त कोटि के परीक्षार्थी किसी विषय/विषयों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित नहीं होते हैं अथवा अनुपस्थित रहते हैं अथवा परीक्षा में अनुत्तीर्ण (Fail) रहते हैं, तो वैसे परीक्षार्थी को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश पत्र ऑनलाईन जारी नहीं किया जाएगा तथा परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जाएगा। पूर्ववर्ती (Ex), कम्पार्टमेन्टल (Compartmental), एकल विषय अंग्रेजी (Single Subject English) एवं सम्मुनत (Betterment/Improvement) कोटि के छात्र/छात्रा को उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित नहीं होना है।

4. अंकनीय है कि गत वर्ष की भाँति उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा की व्यवस्था (प्रणाली) को पारदर्शी एवं उत्कृष्ट बनाने की आवश्यकता है, ताकि इन परीक्षाओं की गुणवत्ता उच्च कोटि की हो एवं इसमें उत्तीर्ण परीक्षार्थी वास्तविक रूप से समिति द्वारा आयोजित होने वाली वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने के मापदण्ड पर अपने अर्हता एवं योग्यता प्रमाणित कर सके। इस उद्देश्य से निदेशक (मा0 शि0) के ज्ञापांक 09/बि0वि0प0स0–12/2020–557, दिनांक 18.09.2020 द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में निम्नांकित कार्रवाई की जानी है:–

(i) उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा के लिए प्रश्न पत्रों का विषयवार निर्धारण समिति स्तर पर किया गया है तथा इसकी आपूर्ति समिति द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के माध्यम से सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों को निःशुल्क उपलब्ध होगा। इस पर होने वाला व्यय समिति द्वारा वहन किया जाएगा और इसके लिए विद्यार्थियों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

(ii) समिति द्वारा आपूरित प्रश्न पत्र का प्रारूप माध्यमिक परीक्षा के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि परीक्षार्थी पूर्व से ही समिति द्वारा आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा के लिए अपने आप को तैयार कर सकें।

(iii) उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा का आयोजन एवं मूल्यांकन पूर्व व्यवस्था के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के स्तर पर ही किया जाएगा।

5. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्राओं के उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् है:–

Programme of Secondary Sent-up Examination, 2026
(For Annual Exam. 2027)

सैद्धान्तिक परीक्षा

परीक्षा की तिथि/दिन	प्रथम पाली (First Shift)	द्वितीय पाली (Second Shift)
23.11.2026 (सोमवार)	मातृभाषा (101–हिन्दी, 102–बंगला, 103–उर्दू एवं 104–मैथिली) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक)	द्वितीय भारतीय भाषा (105–संस्कृत, 106–हिन्दी 107–अरबी, 108–फारसी एवं 109–भोजपुरी) (अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक)
25.11.2026 (बुधवार)	112–विज्ञान (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक) 125–संगीत (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक)	111–सामाजिक विज्ञान (अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 04:45 बजे तक)
26.11.2026 (गुरूवार)	110–गणित (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) 126–गृह विज्ञान (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक)	113–अंग्रेजी (सामान्य) (अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक)
27.11.2026 (शुक्रवार)	ऐच्छिक विषय (114–उच्च गणित, 115–वाणिज्य, 116–अर्थशास्त्र, 121–फारसी 122–संस्कृत, 123–अरबी एवं 124–मैथिली) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) (117–ललित कला, 118–गृह विज्ञान, 119–नृत्य एवं 120–संगीत) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक)	ऐच्छिक विषय (व्यावसायिक ट्रेड) 127–सुरक्षा (Security), 128–ब्यूटिशियन (Beautician), 129–टूरिज्म (Tourism), 130–रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), 131–ऑटोमोबाईल (Automobile)] 132–इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), 133–ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), 134–टेलीकॉम (Telecom) तथा 135–आई0टी0/आई0टीज0 (IT/ITes) (अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक)

प्रायोगिक परीक्षा

दिनांक 28.11.2026 (शनिवार) को प्रथम पाली में ऐच्छिक विषय यथा– 117-ललित कला, 118-गृह विज्ञान, 119-नृत्य एवं 120-संगीत (दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के द्वारा 125-संगीत विषय सहित) एवं **द्वितीय पाली** में व्यावसायिक ट्रेड 127–सुरक्षा (Security), 128–ब्यूटिशियन (Beautician), 129–टूरिज्म (Tourism), 130–रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), 131–ऑटोमोबाईल (Automobile), 132–इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), 133–ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), 134–टेलीकॉम (Telecom) तथा 135–आई0टी0/आई0टीज0 (IT/ITes) की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित होगी।

नोटः– दोनों पालियों में 15 मिनट का आरम्भिक समय परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने व समझने के लिए दिया गया है। स्पॉस्टिक (Spastic), दृष्टिबाधित एवं वैसे दिव्यांग परीक्षार्थी जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, को लेखक रखने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए निर्धारित समय में 20 मिनट प्रति घंटा अतिरिक्त समय क्षतिपूर्ति के रूप में दिया जायेगा।

6. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले पंजीकृत/अनुमति प्राप्त नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्रा को निदेश दिया जाता है कि अपने विद्यालय के प्रधान से संपर्क कर निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा देने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने विद्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

7. सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान से अनुरोध है कि विद्यालय में अध्ययनरत् छात्र/छात्रा, जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी, को उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाए। उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने विद्यालय से वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्राओं की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा आयोजित कर निम्नांकित पंजी में प्राप्तांक प्रविष्ट कर परीक्षाफल का विवरण (Excel Format, English Font में) सॉफ्ट कॉपी की सी0डी0 तथा हार्ड कॉपी में (हस्ताक्षर एवं मुहरयुक्त) जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में **दिनांक 08.12.2026 तक** अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

8. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के परीक्षार्थियों के उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2026 का प्राप्तांक पंजी :–

(i) उत्प्रेषित (Sent-up) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रपत्र :

SL. NO.	SCHOOL CODE	SCHOOL / +2 SCHOOL NAME	REGISTRATION NO. & YEAR	STUDENT NAME	MOTHER'S NAME	FATHER'S NAME	DATE OF BIRTH	GENDER
01	02	03	04	05	06	07	08	09

MARKS OBTAINED (THEORY)								MARKS OBTAINED (INTERNAL ASSEMENT & PRACTICAL)					AGGREGATE
MIL	SIL	MAT	SCI	SSC	ENG	OPT-SUB	OPT-SUB (Vocational)	SCI	SSC LIT. ACT	SSC Project Work	OPT SUB	OPT-SUB (Vocational)	
10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23

विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

(ii) दृष्टिबाधित (Visually Impaired/Blind) उत्प्रेषित (Sent-up) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रपत्रः

SL. NO.	SCHOOL CODE	SCHOOL / +2 SCHOOL NAME	REGISTRATION NO. & YEAR	STUDENT NAME	MOTHER'S NAME	FATHER'S NAME	DATE OF BIRTH	GENDER
01	02	03	04	05	06	07	08	09

MARKS OBTAINED (THEORY)								MARKS OBTAINED (INTERNAL ASSEMENT & PRACTICAL)					AGGREGATE
MIL	SIL	H.SCI	MUS	SSC	ENG	OPT-SUB	OPT-SUB (Vocational)	SCI	SSC LIT. ACT	SSC Project Work	OPT SUB	OPT-SUB (Vocational)	
10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23

विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

9. उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2026 में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण (Non Sent-up) छात्र/छात्राओं की सूची निम्नांकित प्रपत्र में (Excel Format, English Font में) सॉफ्ट कॉपी की सी0डी0 तथा हार्ड कॉपी में (हस्ताक्षर एवं मुहरयुक्त) जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में **दिनांक 08.12.2026 तक** अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

(i) वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले Sent-up (उत्प्रेषण)/जांच परीक्षा, 2026 में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण (Non Sent-up) परीक्षार्थियों के लिए विहित प्रपत्र :

SL. NO.	SCHOOL CODE	SCHOOL / +2 SCHOOL NAME	REGISTRATION NO. & YEAR	STUDENT NAME	MOTHER'S NAME	FATHER'S NAME	DATE OF BIRTH	GENDER	Non SENT-UP/ABSENT
01	02	03	04	05	06	07	08	09	10

MARKS OBTAINED (THEORY)								MARKS OBTAINED (INTERNAL ASSESSMENT & PRACTICAL)					AGGREGATE
MIL	SIL	MAT	SCI	SSC	ENG	OPT-SUB	OPT-SUB (Vocational)	SCI	SSC LIT. ACT	SSC Project Work	OPT-SUB	OPT-SUB (Vocational)	
11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24

विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

(ii) दृष्टिबाधित अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण (Non Sent-up) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रपत्र :

SL. NO.	SCHOOL CODE	SCHOOL / +2 SCHOOL NAME	REGISTRATION NO. & YEAR	STUDENT NAME	MOTHER'S NAME	FATHER'S NAME	DATE OF BIRTH	GENDER	Non SENT-UP/ABSENT
01	02	03	04	05	06	07	08	09	10

MARKS OBTAINED (THEORY)								MARKS OBTAINED (INTERNAL ASSEMENT & PRACTICAL)					AGGREGATE
MIL	SIL	H.SCI	MUS	SSC	ENG	OPT-SUB	OPT-SUB (Vocational)	SCI	SSC LIT. ACT	SSC Project Work	OPT-SUB	OPT-SUB (Vocational)	
11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24

विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

10. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि माध्यमिक विद्यालय के स्तर पर आयोजित उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2026 का परीक्षाफल **दिनांक 08.12.2026 तक** की अवधि में विद्यालय के प्रधान अथवा उनके विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा आपके कार्यालय में जमा किया जाएगा, जिसे प्राप्ति कराना सुनिश्चित करते हुए प्राप्ति रसीद दे देंगें। उल्लेखनीय है कि वर्तमान सत्र 2026–2027 के लिए मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में विधिवत् नामांकित/अध्ययनरत् नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्रा, जिनका ऑनलाईन आवेदन वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने के लिए भरा गया है और किसी कारणवश उस संस्थान की मान्यता/संबद्धता निलंबित/रद्द/वापस ली गई हो तथा उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2026 के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो ऐसे विद्यालयों के परीक्षार्थियों को जिन विद्यालयों के साथ संबद्ध किया गया है अथवा निकट के राजकीय/राजकीयकृत विद्यालयों के साथ संबद्ध कर उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)